**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 08.03.2025** **समय : 1905**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी का आह्वान किया। द्वीपसमूह में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।**
- **चिकित्सा शिक्षा में अगले पांच वर्ष में पचहत्तर हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी।**
- **श्री विजयपुरम के पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में पुलिस कांस्टेबल के चौहतरवें बैच का पासिंग आउट परेड आयोजित।**
- **द्वीपसमूह के सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने अपने आधिकारिक लोगो में निकोबार को शामिल करते हुए संशोधन किया।**

<><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने को देखते हुए यह आवश्यक है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत पर एक दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि देश की बेटियां विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं की प्रगति में सहयोगी अवसर सृजित करने में समाज की भूमिका पर बल दिया।

राष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्र सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है कि देश की महिलाएं राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हों और विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में सक्षम हों। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान एक ऐतिहासिक कदम है। महिलाओं को स्वसहायता समूहों से जोड़ने, आर्थिक स्वावलंबन के लिये लखपति दीदी कार्यक्रम और नमो ड्रोन दीदी योजना जैसे सरकार के प्रयासों से विभिन्न स्तरों पर महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे सफलता की नई ऊचाईंयों की ओर अग्रसर हैं।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, जो अपने समर्पण और नेतृत्व से बदलाव लाती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की महिलाओं को नमन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने हमेशा विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है।

<><><><><><><><>

पूरे देश के साथ आज द्वीपसमूह में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम है सभी महिलाओं और लड़कियों के लिएः अधिकार, समानता और सशक्तिकरण। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं के अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहाड़गांव की पुलिस उप–निरीक्षक ज्योति ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला और लैंगिक समानता सुनिश्चित करने में जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। कार्बाइंस कोव तट पर गैर सरकारी संगठन पंख के सहयोग से दिव्यांगजन बच्चों की माताओं के लिए खास कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से फरारगंज में 'शी बिल्ड्स भारत' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><><>

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने घोषणा की है कि सरकार अगले पांच वर्ष में चिकित्सा शिक्षा में पचहत्तर हजार नई सीटें बढ़ाने पर विचार कर रही है। श्री नड्डा आज नई दिल्लीं के भारत मण्डपम में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद से देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में एक सौ एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा बाईस अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने अर्द्धचिकित्सा कर्मियों, नर्सों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करके स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया।

<><><><><><><><>

पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर के परेड मैदान में आज पासिंग आउट परेड के साथ पुलिस कांस्टेबल के चौहतरवें बैच के प्रशिक्षण का सफल समापन हुआ। इस समारोह में दो सौ अड़तालीस रिक्रूट प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर अंडमान निकोबार पुलिस के पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने औपचारिक सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने रंगरूटों को उनके त्रुटिहीन अनुशासन, सटीकता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए सराहना की।

श्री धालीवाल ने कानून के शासन को बनाए रखने और आधुनिक पुलिसिंग की उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए कांस्टेबलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

अपने प्रशिक्षण के विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छः रंगरूटों को पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने अपने आधिकारिक लोगो में निकोबार को शामिल करते हुए संशोधन किया है, ताकि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पूरे द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व किया जा सके। यह संशोधन निकोबार द्वीपसमूह के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा दोनों द्वीपसमूहों के सरकारी विभागों, वेबसाइट, पत्राचार, डिजिटल प्लेटफार्म और प्रचार सामग्रियों में इस संशोधित लोगो को शामिल करना अहम है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने आज डेयरी फार्म, जंगलीघाट और चक्करगांव में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए करों का भुगतान को आसान बनाना है। अभियान के परिणामस्वरूप नगरपालिका करों में अट्ठावन लाख चौबीस हजार आठ सौ सत्तानब्बे रुपये का संग्रह हुआ। आगामी शनिवार को स्कूल लाईन, पुराना पहाड़ गांव और डॉलीगंज में अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><>